तापमान

अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार, 17 सितंबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



11 विधायक अंबिका ने धरना-प्रदर्शन को दिया समर्थन






12 11 दिनी गणेश उत्सव के बाद पंडालों एवं घरों में हुआ हवन-पूजन




## खबर संक्षेप

### माटी की महक की प्रस्तुति आज

**नगरी।** गणेशघाट बरबांधा में विश्वकर्मा जयंती पर सिद्धि विनायक राजमिस्त्री संघ द्वारा आज रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए माटी की महक जिला बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। उमेश साहू ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

### विश्वकर्मा जयंती पर भोथीडीह में आज नाचा

**मगरलोड।** ग्राम भोथीडीह में जय विश्वकर्मा राजमिस्त्री, बढ़ाई संघ के तत्वावधान में 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा का पूजा पाठ एवं जयंती समारोह रखा गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी ग्राम मंदलोर अभनपुर का कार्यक्रम होगा।

### आमदी में स्थल सजावट झांकी प्रतियोगिता आज

**आमदी(धमतरी)।** आमदी में 17 सितंबर को स्टार युवा संगठन एवं नगर पंचायत के तत्वाधान में गणेश झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस वर्ष भी स्थल सजावट एवं भव्य झांकी प्रतियोगिता रखी गई है। स्थल सजावट के लिए प्रवेश शुल्क 501 रू है। प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये रखा गया है। झांकी में प्रथम पुरस्कार 7001 रूपये, द्वितीय 5001 रूपये, तृतीय 3001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपये है।

### परसुली में 24 से अखंड रामधुनी प्रतियोगिता

**धमतरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम परसुली में 24 से 26 सितम्बर तक तीन दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता रखी गई है। यहां लगभग सत्रह मंडलियों की



प्रस्तुति होगी। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद, उपाध्यक्ष मेघनाथ साहू, सचिव तोरण निषाद एवं कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार साहू ने बताया कि अखंड रामधुनी का आयोजन 50-55 वर्षों से जारी है। बाहर की रामधुनी के कुछ कारणवश नहीं आने पर गांव की मंडली दो घंटे तक रामनाम का जाप जारी रखेगी। प्रथम पुरस्कार 2101 रूपए , द्वितीय 1501 रूपए एवं तृतीय 1001 पुरस्कार रूपए दिया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी मंडली को प्रोत्साहन राशि के रूप में 2501 रूपए व रामटोकरी, श्रीफल से सम्मानित किया जायेगा। झांकी, नृत्य पर भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### खाना बनाते समय आग से किशोरी झुलसी

**धमतरी।** खाना बनाने के दौरान आग की चपेट में आने से किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई है। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन व चौकी पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बाजार कुर्रीडीह निवासी 17 वर्षीय किशोरी रविवार की रात्रि अपने घर की रसोई में चूल्हा पर खाना बना रही थी। वहीं ऊपर मिट्टी तेल से भरा जरकीन रखा था जिसका ढक्कन ठीक से नहीं लगा था। इसी दौरान अचानक जरकीन के गिर जाने से मिट्टी तेल चूल्हा पर गिर गया, जिससे आग भभक गई। किशोरी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। उसे उपचार के लिए रात्रि में ही जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अग्निदग्धा को बर्न वार्ड में शिफ्ट कर उपचार किया जा रहा है। घटना में किशारी 60 प्रतिशत झुलस गई है।

---

स्मार्ट मीटर लगाने का काम जोरों पर, काम पूरा होने के बाद चालू होंगी स्मार्ट सुविधाएं

# शहर में 5 हजार, गांवों में 12 सौ मीटर हुए स्मार्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी जिले में भी स्मार्ट तरीके से बिजली सप्लाई होगी। इसके लिए स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत हो चुकी है। शहर और ग्रामीण इलाकों को मिलाकर 5 हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। मीटर लगाने का काम युद्धस्तर पर जारी है। सभी कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लग जाने के बाद स्मार्ट सुविधाएं भी चालू कर दी जाएंगी। इसके तहत प्रीपेड मोबाइल की तरह उपभोक्ताओं को रिचार्ज करने के बाद ही बिजली मिलेगी।

### रिचार्ज पर मिलेगी बिजली

अब तक हम बिजली खपत करने के बाद रीडिंग के आधार पर बिजली बिल पटाते आ रहे हैं। यानी सिस्टम पोस्ट पेड है। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद पूरा सिस्टम प्री-पेड हो जाएगा। यानी उपभोक्ताओं को बिजली खपत करने से पहले रिचार्ज करवाना होगा। जितना रिचार्ज होगा, उपभोक्ता उतनी ही बिजली की खपत कर पाएंगे। रिचार्ज समाप्त होने से पहले उपभोक्ताओं के पास वार्निंग मैसेज भी आएगा। रिचार्ज समाप्त होने के एक सप्ताह से पहले उपभोक्ताओं को फिर से रिचार्ज करवाने रिमाइंडर भेजना शुरू कर दिया जाएगा। उपभोक्ता घर बैठे ही मोबाइल से बिजली रिचार्ज करवा सकेंगे। इसके अतिरिक्त कैश रिचार्ज की भी सुविधा होगी।




### काम कम्पलीट होने पर मिलेगी सुविधा

डिवीजन के सभी कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगने के बाद स्मार्ट सुविधा भी चालू कर दी जाएगी। इस मीटर से उभोक्ताओं को कई प्रकार सुविधा मिलेगी। मीटर खराबी, डिफेक्टिव मीटर सहित कई प्रकार की शिकायतें काफी कम हो जाएंगी। इससे विद्युत विभाग को भी लाभ होगा। स्मार्ट मीटर लगने से बिजली चोरी, लाइन लास जैसी शिकायतें रूक जाएंगी। अब तक विद्युत विभाग में करोड़ों रुपए का बिल भुगतान बकाया है। प्री-पेड सुविधा चालू होने से बिल बकाया होने की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। स्मार्ट मीटर से बिजली खपत का रिकार्ड भी विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। उपभोक्ता रोजाना कितनी बिजली जला रहे हैं, इसका डेटा भी सुरिक्षत रहेगा।

बिजली चोरी और लाइन लास रोकने के लिए सीएसपीडीसीएल अब स्मार्ट होने जा रहा है। इसके तहत जिले के सभी विद्युत कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। इसकी शुरूआत शहर से की गई। शहर में करीब 30 हजार विद्युत कनेक्शन हैं, जिसमें से करीब 5 हजार कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। शहर के साथ अब शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र में भी स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत हो चुकी है। मोटरपंप कनेक्शन को छोड़ दिया जाए तो धमतरी डिवीजन में करीब 95 हजार घरेलू उपभोक्ता हैं। इनमें से करीब 12 सौ कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। सिंगलफेस कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा होने के बाद थ्री फेस कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा। मोटरपंप कनेक्शन में स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि धमतरी डिवीजन में करीब सवा लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। सबसे पहले उनके मीटर स्मार्ट होंगे। ये मीटर पूरी तरह से निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। विभाग द्वारा मीटर लगाने का काम ठेके पर दिया गया है।

---

# फर्जी तरीके से लाखों का लोन लेने वाला मास्टर माइंड गिरफ्तार

### इस मामले में महिला की पहले ही हो चुकी है गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



फर्जी स्टेटमेंट के माध्यम से एक्सिस बैंक से 85 लाख का लोन लेकर फर्जीवाड़ा करने वाले मास्टर माइंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार एक्सिस बैंक के मैनेजर योगेश देशमुख के लिखित आवेदन पर रिपोर्ट दर्ज की गई कि बालाजी सेल्स की प्रोप्राइटर उषा ज्ञानचंदानी पति धर्मेन्द्र निवासी आमापारा द्वारा ओरिएन्टल बैंक आफ कामर्स शाखा धमतरी में अपने लोन खाते का फर्जी बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत कर एक्सिस बैंक से 85 लाख रूपये की लोन राशि प्राप्त कर धोखाधड़ी की गई। इस मामले में धारा 420 के तहत 2021 में अपराध दर्ज किया गया। विवेचना पश्चात 30 सितंबर 2024 को आरोपिया महिला को गिरफ्तार किया गया। मामले की पूछताछ के दौरान आरोपिया उषा ज्ञानचंदानी ने बालाजी सेल्स की प्रोप्राइटर का संचालन शैलेन्द्र ज्ञानचंदानी द्वारा करना बताया। इस संबंध में आरोपी को उपस्थित होने के लिये लगातार नोटिस जारी किया गया लेकिन आरोपी शैलेन्द्र थाना नहीं आकर फरार रहा। पुलिस आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी। आरोपी 15 सितंबर सोमवार को कोतवाली में उपस्थित हुआ जिससे प्रकरण के संबंध में पूछताछ की गई। लेकिन आरोपी द्वारा गोल-मोल जवाब देता रहा। बालाजी सेल्स का मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही बैंक से संबंधित कोई जानकारी दी। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में धारा 420, 120 (बी) के भादवि के तहत पूर्व में अपराध दर्ज है जिसके तहत आरोपी शैलेन्द्र ज्ञानचंदानी पिता चुहड़मल 49 वर्ष निवासी महालक्ष्मी इनक्लेव धमतरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश मरई, रूद्री प्रभारी एसआई अमित बघेल, एएसआई संतोषी, आरक्षक मुकेश सिन्हा, भुनेश्वर त्रिपाठी का योगदान रहा।

### आसमान पर फिर छाए बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आखिरी वक्त में मानसून मेहरबानी करने के मूड में है। सोमवार की सुबह से अंचल में मौसम बदला हुआ है। आसमान में घनघोर बादल छाए हुए हैं। हालांकि बारिश नहीं हुई है। आगामी एक दो दिन तक मौसम के ऐसा ही रहने का अनुमान है। बारिश भी हो सकती है।

बंगाली की खाड़ी में बने सिस्टम के चलते पूरे प्रदेश में मौसम बादलयुक्त हो गया है। धमतरी जिले में बारिश को लेकर कोई खास चेतावनी नहीं है लेकिन आसपास के जिलों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। अनुमान है कि आसपास के जिलों का असर धमतरी में भी देखने को मिलेगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर में आगामी 24 घंटों में अति बारिश हो सकती है। सरगुजा, गौरेला, पेंड्रा, मारवाही, जशपुर, कोरबा, रायगढ़ जिले में भी भारी बारिश की संभावना है। आगामी 48 घंटों में भी इनमें से कई जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। धमतरी जिले के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है लेकिन अनुमान है कि इन जिलों में होने वाली बारिश का असर धमतरी में भी पड़ सकता है।

# बुनाई मशीन देने का झांसा देकर 1.80 लाख की धोखाधड़ी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- समिति बनाकर महिलाओं के नाम पर लिया था ऋण



निःशुल्क बुनाई मशीन देने का झांसा देकर 12 महिलाओं के नाम पर बैंक से ऋण लेकर कुल 1.80 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार चन्द्रकला निषाद ने 14 सितम्बर को सिटी कोतवाली में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है कि दिलीप देवांगन निवासी अछोटा मां अंगारमोती बुनकर सहकारी समिति का संचालक है। उन्होंने 27 जनवरी 2017 से 31 मार्च 2022 के बीच उसके साथ-साथ 11 महिलाओं को भी अपनी समिति में जोड़कर बुनाई का प्रशिक्षण दिलाकर शासन से निःशुल्क बुनाई का एक-एक मशीन दिलाने का प्रलोभन दिया। पंजाब नेशनल बैंक शाखा धमतरी में महिलाओं को बुलाकर उनका खाता खुलवाकर मशीनों को देने के बाद वापस अपने पास रख लिया। पंजाब नेशनल बैंक से समिति की सभी 12 महिलाओं को 15-15 हजार रूपये का ऋण अदा करने का नोटिस मिलने पर उन्हें उनके साथ छल होने का आभास हुआ। संचालक दिलीप देवांगन से संपर्क करने पर उन्होंने उक्त लोन की राशि स्वयं अदा कर देने का महिलाओं को झूठा आश्वासन दिया। दिलीप देवांगन द्वारा कुल 1 लाख 80 हजार रूपये की धोखाधड़ी की गई। शिकायत पर कोतवाली में धारा 420 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान शिकायतकर्ती के वकील द्वारा भेजा गया नोटिस व पासबुक जब्त की गई। प्रार्थिया व गवाहों के कथन पश्चात महिलाओं को ले जाकर आरोपी दिलीप से बुनाई मशीन जब्त की गई। पुलिस ने सोमवार को आरोपी दिलीप देवांगन पिता लक्ष्मीनारायण उम्र 55 वर्ष ग्राम अछोटा थाना अर्जुनी निवासी को गिरफ्तार कर विधिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस कार्रवाई में कोतवाली से एसआई लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रआ गोपी चंद्राकर, आरक्षक डायमंड यादव व चंदन जयदार का योगदान रहा।

---

# किचन में रखे फ्रिज में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- शहर के ब्राम्हणपारा वार्ड की घटना

किचन में रखे फ्रिज में अचानक आग लग गई। इस घटना में फ्रिज व उसके भीतर रखा सामान जलकर खाक हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय ब्राम्हणपारा निवासी प्रदीप देवांगन के किचन में रखे फ्रिज में सोमवार की सुबह अचानक धुआं निकलने लगा। कुछ देर बाद फ्रिज से आग की लपटें निकलनी शुरु हो गईं। फ्रिज में आग देख परिवार के लोग घबराकर घर से बाहर निकल गए। घटना की सूचना कोतवाली व फायर ब्रिगेड को दी गई। दोनों टीम के पहुंचने से पहले ही आग पर



काबू पा लिया गया था। बताया गया है कि शार्ट सर्किट के कारण फ्रिज में आग लगी थी। बहरहाल एक बड़ा हादसा टल गया।

# शिव महापुराण कथास्थल से हाथियों ने बनाई दूरी

- वन विभाग और आयोजक समिति ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महीने भर से केरेगांव क्षेत्र के जंगल में विचरण करने के बाद तीन हाथियों का दल उत्तर सिंगपुर के जंगल में कूच कर लिया है। केरेगांव क्षेत्र से हाथियों की दूरी बनाने से वन विभाग तथा शिवपुराण कथा आयोजक समिति ने राहत की सांस ली है।

उल्लेखनीय है कि 20 से 24 सितंबर तक विख्यात कथाचावक पं. प्रदीप मिश्रा का भव्य कार्यक्रम केरेगांव-कांटाकुर्रीडीह में होने जा रहा है। आयोजन की तैयारी जोर-शोर से हो रही है। बीते दिनों हाथी



दल के इस क्षेत्र में विचरण करने से वन विभाग तथा आयोजन समिति में संशय की स्थिति रही, लेकिन अब हाथियों का दल केरेगांव रेंज से उत्तर सिंगपुर में चला गया है। हाथी निगरानी दल प्रमुख डीएस साहू, दल सहायक रोहित तिवारी ने बताया कि तीन दंतैल हाथियों का वर्तमान लोकेशन उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 58 राजपुर बीट में है। सोमवार को हाथियों ने मोहंदी-दुगली रोड को पार किया है। हाथी विचरण क्षेत्र के ग्राम बोदलबाहरा, सरगी, केंवराडीह, राजपुर, जामली, सोनेवारा, सोनपैरी, बिरझुली, पेंडरा को अलर्ट किया गया है।

# नियमों को लेकर साउंड एसोसिएशन ने राजपत्र की कापी सौंपी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डीजे बजाने के लिए सरकार के निर्धारित मानक नियमों के खिलाफ जिला साउंड एसोसिएशन ने सिटी कोतवाली पहुंचकर टीआई को 2017 में राजपत्र में प्रकाशित पर्यावरण मंत्रालय की कापी सौंपी है।

जिला साउंड एसोसिएशन के भोला दुबे ने बताया कि नियमों के खिलाफ विरोध जारी है। 15 सितंबर तक का समय दिया गया था। निर्णय आने पर भी आगामी अन्य त्योहारों व शासकीय कार्यक्रम में डीजे नहीं बजेगा। मंगलवार को हाईकोर्ट में फिर सुनवाई है। राज्य सरकार पहले यह निर्णय नहीं कर पाई है कि शहर को अलग अलग जोन में कैसे विभाजित करना है। वहां पर कितने डेसीबल का साउंड बजना चाहिए। इस दौरान एसोसिएशन के भोला दुबे, गब्बू डागा, तामेश सिन्हा, संतोष, प्रवीण साहू, लालू सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

अंगारा से विशाखापटनम जा रहे थे यात्री

# टायर फटने से अनियंत्रित स्कार्पियो खेत में पलटी, पांच से अधिक लोग हुए घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम अंगारा से विशाखापटनम जा रही स्कार्पियो अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में स्कार्पियो में सवार पांच से अधिक लोग घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम अंगारा से 10 से 12 लोग स्कार्पियो से विशाखापटनम जाने के लिए निकले थे। स्कार्पियो जगदलपुर की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान देर रात्रि कांकेर के गढ़पिछवाड़ी के पास स्कार्पियो का टायर फट गया। टायर के फट जाने से तेज रफ्तार स्कार्पियो पलटते हुए खेत में जा गिरी। इस घटना में स्कार्पियो में सवार गौकरण साहू 46 वर्ष, लीलाराम साहू 40 वर्ष, धरमू साहू 40 वर्ष, रिखीराम साहू 35 वर्ष व कल्याण साहू 26 वर्ष सभी अंगारा धमतरी निवासी घायल हो गए। हादसे में अन्य सवारों को मामूली चोट आई है। घायलों को उपचार के लिए कांकेर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### खर्रा में आज विश्वकर्मा जयंती मनेगी

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में इस वर्ष भी 17 सितंबर को जय विश्वकर्मा बाबा राजमिस्त्री संघ एवं समस्त ग्रामीणों के सहयोग से विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई



जायेगी। दोपहर 1 बजे मूर्ति स्थापना की जायेगी। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौकरण साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष करेंगे। विशेष अतिथि पार्वती अजय कश्यप सरपंच, चंद्रहास साहू अध्यक्ष, लोकेश साहू जनपद सदस्य, नरेंद्र ध्रुवंशी ग्रामीण अध्यक्ष, लाकेश्वर साहू ग्रामीण सचिव होंगे। 18 सितंबर को सुबह 10 बजे ग्राम भ्रमण पश्चात मूर्ति का विसर्जन किया जायेगा। रात्रि में नवा किरण नाचा पार्टी भंडारपुर डोंगरगढ़ की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी हेमलाल यादव सचिव ने दी है।

### नपं के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी के अधिकारी-कर्मचारी 6 सूत्री मांग को लेकर संघ के आह्वान पर रायपुर में 18 से 20 सितंबर तक आयोजित हड़ताल पर शामिल होंगे। केके मरकाम, बिसालराम कोसले, भूपेंद्र चंद्राकर, एनके वर्मा, दीनूराम साहू ने बताया कि इस दिन अवकाश पर रहने की सूचना मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित रूप से दी है। आगे कहा कि निकायों में वेतन व अन्य समस्या सालों से बनी है। शासन द्वारा मांगों को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**



## दरगहन में आज से रामधुनी झांकी स्पर्धा

**कोर्रा(भखारा)**। ग्राम दरगहन (रींवागहन) में आज से दो दिवसीय भव्य रामधुनी झांकी प्रतियोगिता रखी गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ आज होगा। मुख्य अतिथि अमरसिंह पटेल सरपंच, सियाराम साहू, मुकेश ध्रुव कृषि विकास अधिकारी, श्रीमती रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी, इंदर चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी, सोमप्रकाश चंद्राकर जपं उपाध्यक्ष धमतरी, श्रीमती दमयंती साहू जिपं सदस्य धमतरी, चोखाराम देशमुख, चुनेश्वर यादव, शीतल सांखला होंगे। 17 सितंबर को त्रिपुर सुंदरी रामकृष्ण रामधुनी परिवार राजनांदगांव, जय मां विंध्यवासिनी की अक्षरा की छांव रामधुनी मंडली गोकुलपुर धमतरी, जय मां विंध्यवासिनी लोक रागिनी मंडली गोकुलपुर धमतरी, राम जानकी बस्तरिया रामधुनी मंडली कुश्तीकूर कांकेर तथा 18 सितंबर को संगी जहुरिया रामधुनी मंडली छिपली, ओम साईं रामधुनी मंडली पेंडरवानी, जय दुर्गे रामधुनी मंडली खुर्द, जय छत्तीसगढ़ रामधुनी मंडली देवरी, श्री संगम तिरंगा रामधनी मंडली सुपेला की प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 4001, द्वितीय पुरस्कार 3000 , तृतीय पुरस्कार 2001 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपए दिया जायेगा। संगीत में विशेष पुरस्कार 500, वेशभूषण में 501, व्याख्या में 501, नृत्य में 501 रूपए प्रदान किया जाएगा। मंच संचालन राजेश कौशल रींवागहन करेंगे। प्रत्येक मंडली को सांत्वना राशि 4000 रूपए नकद प्रदान की जाएगी।

**निधन**

### ज्ञानिकराम ध्रुव

**मगरलोड**। मधुबनधाम रांकाडीह निवासी ज्ञानिकराम ध्रुव उम्र 77 वर्ष का निधन 14 सितंबर शनिवार को हो गया। वे अपने पीछे पुत्र शिक्षक कोमलराम ध्रुव, देवीसिंह ध्रुव, लोमश ध्रुव सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिक गण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



### उधोराम सिन्हा

**पुरूर(धमतरी)**। ग्राम चिटौद निवासी उधोराम सिन्हा 52 वर्ष का 16 सितम्बर की सुबह 8 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे राजू सिन्हा के पिता एवं रामकुमार सिन्हा, कोमल सिन्हा, कमलेश सिन्हा के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम चिटौद के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें परिजन एवं ग्रामीण शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



### सियासी दलों के नेता व गणमान्य लोग खुशी में हुए शामिल

# हर्षोल्लास से मनाई जश्ने ईद मिलादुन्नबी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशी मनाते हुए हुए मुस्लिम समाज कुरूद द्वारा डीजे रहित भव्य जुलूस निकाला गया। जामा मस्जिद पहुंचकर सियासी दलों के नेता एवं गणमान्य नागरिकों ने मुसलमान भाइयों को जश्ने ईद मिलादुन्नबी की शुभकामनाएं दी।

सोमवार सुबह दस बजे ईदगाह मैदान कुरूद से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस हर्षोल्लास से निकाला गया। समाज के युवाओं ने सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा, आका की आमद मरहबा जैसे नात की सदाएं बुलंद की। रंग- बिरंगी पोशाक में सजे छोटे बच्चों ने हाथ में परचम ए इस्लाम लेकर जूलूस में भाग लिया। यंग ग्रुप्स द्वारा इस बार भी मस्जिद में बेहतरीन सजावट की गई। इमाम शेख अमानुल्ला, सदर अय्यूब खान, हाजी सुलेमान, सै. हसन अली, गफ्फार हलारी, हकीम खान, शेख़ बब्बू, यूनूस भाई, शेख सहाबुद्दीन आदि के हाथों हुई परचम कुशाई के बाद सलातोसलाम का नजराना पेश किया गया। पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविकांत चन्द्राकर, भाजपा नेता शिवप्रताप ठाकुर, खिलेन्द्र चन्द्राकर आदि ने मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम समाज को ईद मिलादुन्नबी की शुभकामनाए दी।

मौके पर लतीफ उस्मानी, जमाल रिजवी, शफी खान, मो. युसुफ, अहमद खान, कासम अली, मो. जमील, अजीज भाई, सलीम गोरी, नजीर शेख, अख्तर खान, सहाबुद्दीन रिजवी, ताजुद्दीन, मेहबूब खान, इमरान बेग, इकबाल भाई, इस्हाक खान, अमीन हलारी, इस्लाम रजा, रहीम कुरैशी, फरजान ख़ान, शेख सरफराज, सलामत भाई, अरमान कुरैशी, फारूख, रिजवान हलारी, अरसद, मुस्तकिम, सलामत खान, फैज खान, अरमान कुरैशी, समसू, मिनहाज, शफीक, मुजीब खान, गयासुद्दीन, इमरान गोरी, आबिद, मुस्तिकीम, रहमान, जावेद, अफताब, सोहेल, राजा, फिरोज खान, हमीद बेग, ताहिर, अरमान रजा, तैय्यब, तनवीर, रमजान, वाहिद, सरफराज, साहिल, जफर, यासीन, इनायत, वकार, यासीन, अफ़्तब्बुदीन शेख जाहिद, अयान, हनीफ खान उपस्थित थे। यातायात एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।



## भखारा कोर्रा क्षेत्र के किसान चूहों के आतंक से परेशान

- चूहे खड़ी फसल को कर रहे चट, दवाई का भी नहीं हो रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

कोर्रा क्षेत्र के किसान इन दिनों चूहों से परेशान हैं। अच्छी बारिश के साथ किसानों को उम्मीद थी कि धान का उत्पादन अच्छा होगा लेकिन किसानों को चूहों ने परेशान करके रख दिया है। चूहों ने कई किसानों की 50 प्रतिशत फसल तो कई किसानों की 80 प्रतिशत फसल को नुकसान पहुंचाया है। गांव के किसान अभी चूहों से भयंकर परेशान हैं। तैयार हो रही फसल को चूहों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। किसान फसल को बचाने अनेक उपाय कर रहे हैं। ग्राम दरगहन, बागतराई, मोखा, कुर्रा, ओदरागहन, भिरई, हसदा में सार्वजनिक बैठक कर किसानों को चूहा मारने की दवाई कीटनाशक का छिड़काव एक साथ करने का फैसला लिया है। कई जगह चूहे की पूजा कर उसे गांव से बाहर छोड़ा गया। इस प्रकार किसान अपनी फसल को बचाने के लिए और चूहा को भगाने के लिए अनेक उपाय कर रहे हैं फिर भी चूहे की परेशानी कम नहीं हो रही है। उधर कृषि दवाई बेचने वाले दुकानदारों की चांदी कट रही है। दवाई का चूहों पर कोई असर नहीं हो रहा है। किसान बहुत परेशान हैं। अगर इस प्रकार चूहे फसलों को बर्बाद करते रहे तो फसल तैयार नहीं हो पाएगी। इससे किसानों के समक्ष जीविकोपार्जन की समस्या खड़ी हो जाएगी।



## उमरगांव में ठाकुर जोहारनी एवं मिलन समारोह हुआ





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

गोंडवाना समाज ग्राम छिन्दीटोला उमरगांव में नवाखाई पर्व के बाद गायता ठाकुर जोहारनी एवं मिलन समारोह रखा गया था। इस आयोजन में सरपंच सुरेश मरकाम, अध्यक्ष सामान्य प्रभाग उमेश मरकाम, शंकर नेताम, खिलेश मरकाम, शोभाराम नेताम, रत्नाबाई नेताम, रोहित मरकाम, खिलेश मरकाम, संतराम नेताम, नमिता मरकाम, मंजू मरकाम, सुमेत बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

गातापार में राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा का समापन

## ग्रुप डांस में रतनपुर प्रथम रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

श्री मुस्कान गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से गातापार में राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता हुई।

ग्रुप डांस में स्वरागिनी डांस ग्रुप रतनपुर प्रथम, आरआर डांस ग्रुप भेलवकूदा द्वितीय, न्यू किरण डांस ग्रुप तर्रागोंदी तृतीय, गुरु मुटाना डांस ग्रुप भानसोज चतुर्थ, अमर ज्योति डांस ग्रुप नवागांव पंचम रहे। इसी प्रकार युगल नृत्य में राजनंदनी डांस ग्रुप कोंडागांव प्रथम, देवार देवरनीन डांस ग्रुप घटारानी जतमई द्वितीय, मनमोहिनी डांस ग्रुप सिलीडीही तृतीय, माया सुमन डांस ग्रुप अछोटी चतुर्थ रहे। एकल डांस ग्रुप में जानवी रानी बलौदाबाजार प्रथम, रिया गुप्ता रायपुर द्वितीय, वृंदा राधा पिथौरा तृतीय एवं लकी यादव धमतरी चतुर्थ रहे। आयोजन में समिति के अध्यक्ष धनीराम साहू, हेमंत साहू, रिखीराम साहू, झम्मन साहू, सरपंच नारद साहू, नानकराम तारक का सहयोग सराहनीय रहा। मंच संचालन कवि एवं उद्घोषक निरंजन साहू ने किया। सहयोगी संचालक सावित्री मांडवी रही।



## लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भाजपा नेता जितेंद्र मांडवी अपने वार्ड में सदस्य बनाने के लिए लोगों के घर-घर जाकर उनसे संपर्क कर रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से लोगों को अवगत करा रहे हैं।

सोमवार को रानी दुर्गावती चौक नगरी के पास लोगों को सदस्यता दिलाई। दीपेश मानिकपुरी, संजय, सोम कुमार कुंजाम, राजकुमार यादव, बीरबल सिंह, भोज ध्रुव, रामलाल नेताम, धर्मेंद्र ध्रुव, चंद्रभान ध्रुव ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## फरसियां में ठाकुर जोहारनी पर्व मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

आदिवासी गोंडवाना समाज उपक्षेत्र महामाई फरसियां में नवाखाई पर्व के बाद ठाकुर जोहारनी का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में तहसील उपाध्यक्ष भगवानसिंह नेताम, तहसील सलाहकार राजाराम मंडावी, जयसिंह सोरी, जवाहर मरकाम, श्यामाचरण मंडावी, डिकेश नेताम, नरेंद्र मरकाम, सोहन मरकाम, प्रकाश नेताम, आकाश नेताम, दिलीप मरकाम, युवा प्रभाग अध्यक्ष ऋषि ओटी समेत अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे।



## 73वीं लवारिश लाश को दी गई सद्गति



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम कोकड़ी (चर्रा) के तालाब में मिले अज्ञात पुरूष के शव को कुरूद के हिंदू मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कुरूद थाना की अनुमति एवं पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में शनिवार को वन्देमातरम परिवार एवं बोल बम सेवा समिति के पदाधिकारियों-सदस्यों द्वारा किया गया। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात पुरूष की उम्र लगभग 40 वर्ष को वन्देमातरम परिवार एवं बोल बम सेवा समिति द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति का यह 73वां लावारिश शव है जिसे सद्गति प्रदान की गई। सद्गति देने वालों में समिति के उपाध्यक्ष नंद आमदे, सदस्य कृष्णा ढीमर, सीताराम, रवि यादव, विक्रम, अमित कुमार सहित कुरूद पुलिस के एएसआई सुरेश नंद, आरक्षक महेश साहू शामिल थे।

## आमदी कालेज के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के रासेयो स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता अभियान जागव वोटर जाबो कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल सहायक प्राध्यापक ने छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की व प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि वोटर हेल्पलाइन में फार्म 6 भरकर स्वयं मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक तरुण बनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद, गोपाल देवांगन, मन्नूलाल साहू तथा स्वयंसेवक ईशा, गरिमा, दिव्या पटेल, दिशा, प्राची, खुशबू, हेमशंकर आदि उपस्थित थे।




## बारिश में बहा रपटा, आवागमन बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भारी बारिश के चलते केकराखोली रपटा बह गया। यह केकराखोली से नगरी धमतरी को जोड़ता है। ग्रामीण महेंद्र मंडावी, दीनूराम, घनश्याम, राजेंद्र नेताम, राजकुमार, जीवनलाल, उमा नेताम, सियामाबाई, समारीबाई, नंदनीबाई, बैदराम ने बताया कि रपटा के बहने से आवागमन बंद हो गया है। ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

## छात्रों ने रस्सी की गांठें, लाठी का प्रयोग, स्ट्रेचर बनाना सीखा

- आनंद मार्ग स्कूल सांकरा के बच्चों ने शिविर में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भारत स्काउट एवं गाइड्स विकासखंड नगरी के तत्वावधान में पीएम श्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय में द्वितीय सोपान पांच दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें 129 गाइड्स, 78 स्काउट तथा संचालक मंडल में 10 स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन भाग लिया। प्रधानपाठक नीरज साहू के आदेशानुसार आनंद मार्ग विद्यालय सांकरा के शिक्षक लोकेश्वर साहू एवं छात्र चोवाराम यादव, दिव्यांशु नाथ योगी, रुचि साहू, नंदनी वर्मा, नेहा कुंजाम, खुशी ठाकुर तथा रुक्मणि नेताम ने शिविर में भाग लिया। बच्चों ने स्काउट गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, ध्वज शिष्टाचार, बीपी 6 व्यायाम, योग, रस्सी की विभिन्न गांठ, लाठी के प्रयोग, टेंट बनाना, हाथ व सीटी के संकेत, लीडरशिप, मंच संचालन, स्ट्रेचर बनाना, पट्टी लगाना सीखा। प्रतिदिन शाम को शिविर ज्वाल कार्यक्रम हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, संगीत की प्रस्तुति दी।

शिविर संचालक राजेश तिवारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य स्काउटिंग के माध्यम से बच्चों को सुनागरिक बनाना है। राष्ट्र निर्माण में स्काउटिंग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल पुरस्कृत स्काउट गाइड को बोर्ड परीक्षा में 10 अंक तथा राष्ट्रपति पुरस्कृत स्काउट गाइड को 15 अंक बोनस प्राप्त होते हैं। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा प्राचार्य व शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




### ओडिशा के अधिकारियों ने किया प्रसंस्करण केंद्र दुगली का विजिट

# तेंदूपत्ता और लघु वनोपज संग्रहण की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ओडिसा से सहकारिता विभाग के दो अधिकारी डेबोतोस महतो और लग्ना मोहपात्रा वनधन केंद्र दुगली पहुंचे। विजिट का उद्देश्य छत्तीसगढ़ में राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर द्वारा क्रियान्वित राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख योजनाओं की जानकारी लेनी थी।

गौरतलब है कि वनधन विकास केंद्र दुगली में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एमएसपी दर पर क्रय किए गए वनोपज का प्रसंस्करण कार्य किया जाता है। स्वसहायता की महिलाएं वनोपज संग्रहण भी करती हैं और प्रसंस्करण कार्य भी। इनके द्वारा औषधीय प्रोडक्ट, सौंदर्य प्रसाधन, दोना पत्तल, सतावर चूर्ण, जामुन गुठली चूर्ण, अर्जुन चूर्ण, निर्गुड़ी तेल, ज्योतिष्मति तेल, भृंगराज तेल, च्यवनप्राश, शहद, जामुन जूस, आंवला जूस, एलोवेरा जूस जैसे कई सामग्री यहां तैयार कर धमतरी, रायपुर मार्ट सहित अन्य जगहों पर भेजा जाता है।

अधिकारियों को संग्रहण, संग्राहकों को भुगतान राशि, भंडारण, विपणन योजनाओं सहित केंद्र में संचालित वनधन विकास केंद्र, सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत दी जाने वाली छात्रवृत्ति, बीमा भुगतान की जानकारी उपप्रबंध संचालक एफआर कोसरिया ने दी। सीनियर एक्जिक्यूटिव गुड्डू दुफारे ने वनोपज प्रसंस्करण, सौंदर्य प्रसाधन निर्माण, औषधीय उत्पादों के प्रसंस्करण, कलस्टर में वनधन विकास केंद्र की भूमिका, प्रोडक्ट की चैन सप्लाई की जानकारी से रूबरू कराया। प्रबंधक सुरेश साहू ने लेखा संधारण एवं पंजियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएफएस दीपेश कपिल, रेंजर सुभाष ध्रुव, डिप्टी रेंजर बसंत ध्रुव, परिसर रक्षक संजय मरकाम, इंटर्न संजय साहू सहित स्व-सहायता समूह की सदस्य उपस्थित थी।




## हिंदी हमारी संस्कृति और संस्कार की भाषा : बी. पदमा

- सिलौटी स्कूल में हिंदी दिवस पर हुआ कविता पाठ, निबंध लेखन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में हिंदी दिवस मनाया गया। व्याख्याता संतोष कुमार ध्रुव ने हिंदी दिवस पर अपना विचार रखते हुए कहा कि हिंदी भाषा और इसकी समृद्ध विरासत के प्रति सम्मान व जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1953 में हुई थी। 14 सितंबर1949 को संविधान सभा द्वारा हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। हिंदी को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है।




इस कार्यक्रम में छात्रों ने कविता पाठ, निबंध लेखन तथा हिंदी के साहित्यिक योगदान पर विचार रखे। प्राचार्य बी. पदमा राजेश ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति और संस्कार की भाषा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने मे हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भूमंडलीकरण के इस दौर में हिंदी में बेहतर लिखने, बढ़िया पढ़ने, साहित्य लेखन,कहनी लेखन करने व बोलचाल में शामिल करने का आह्वान छात्रों को किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा बारहवीं के छात्र नोमेश साहू ने किया। इस अवसर पर एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके जैन, एचआर साहू, सीपी साहू, आर.पोर्ते, वायके सेन, एनआर साहू, एनके साहू, एचके साहू, यशोदा साहू, आकाश साहू, भोजराम साहू समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### छात्र- छात्राओं से लौट जाने और पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कही

# विधायक अंबिका ने धरना-प्रदर्शन को दिया समर्थन

- नौ सूत्रीय मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति पांचवें दिन भी डटी रही

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





किसान संघर्ष समिति बेलरबाहरा का अपनी नौ सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन ग्राम तुमड़ीबहार में जारी है। स्कूली छात्र छात्राएं भी स्कूल में ताला जड़कर मांग का समर्थन कर रहे हैं। पांचवें दिन विधायक अंबिका मरकाम धरना प्रदर्शन को समर्थन करने पहुंची और स्कूली छात्र-छात्राओं को लौट जाने और पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कही। इस दौरान विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि आप की मांग जायज है। कोई बड़ी मांग नहीं है। प्रभारी मंत्री, विभागीय मंत्री से समस्या का समाधान करायेंगे और अगर वहां भी नहीं हुआ तो विधानसभा से आपकी समस्याओं का समाधान कराने का पूरा प्रयास करेंगे। आगे कहा कि बच्चों की मांग जायज है। शिक्षक की समस्या खत्म हो चुकी है। यहा दो नये शिक्षक की नियुक्ति हो गई है। स्कूल खुलते ही ज्वाइनिंग कर लेंगे और हायर सेकेन्डरी की मांग इस सत्र में नहीं हो पायेगा। वह आने वाले सत्र में पूरा होगा। आगे कहा कि आज संघर्ष समिति सड़क, नहर नाली जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रही है। ग्रामीणों की समस्याओं का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज रहे हैं। अगर सरकार उन सभी मागों को गंभीरता से लें तो ग्रामीणों को अपना काम छोड़कर धरना प्रदर्शन करने की आवश्यकता नहीं है। आज सरकार विकास कार्यों पर ध्यान नहीं दे रही है इसलिये आज स्कूलों में ताला बंद कर धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष भूषण साहू, भानेन्द ठाकुर, श्रीधन सोम, नरेश माझी, विमला ध्रुवा कलेश्वरी माझी समेत बड़ा संख्या में तीन ग्राम पंचायत के आंदोलनरत ग्रामीण मौजूद रहे।

### कांकेर सांसद ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की

# सांसद ने समरसता भवन के लिए दस लाख की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम बरबांधा पहाड़ी व बेलर से कांकेर मुख्य मार्ग के समीप स्थित स्वयंभू सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में भगवान के लिए दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान श्री नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित भारत बनाना चाहते हैं और हम सबको एकजुट होकर उनका सहयोग करना चाहिए तभी भारत विकसित भारत या विश्वगुरु बन सकता है। हम सबको भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में प्रत्येक व्यक्ति को जोड़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ को मजबूत करना है। श्री नाग ने समरसता भवन के लिए दस लाख रुपए की घोषणा कर क्षेत्र की समस्याओं के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, शेखर अडिल, मनोहरदास मानिकपुरी, रामभुवन सार्वा, रमेश नेताम, सुखचंद मरकाम, सत्यवती नेताम, उमेन्द्र मरकाम सरपंच बेलरगांव, डायमंड सिंह कोर्राम सरपंच बरबांधा, डॉ. वेदकुमार गंजीर, रोहणी नेताम सरपंच भुरसीडोंगरी, दीपक साहू, गौचंद मरकाम, पीलाराम कोर्राम, श्रीमती निर्मला मरकाम उपसरपंच, उत्तराबाई साहू, भागवती सोरी, सुशीला नागेश, उमेश साहू, मौर्यध्वज सेन, महेन्द्र साहू, बीजू नेताम, रामसुंदर ठाकुर, सगराम कोर्राम, ताराचंद कोर्राम, सरजू नेताम, मोनू चौहान, अर्जुनसिंह यादव, संदेश नेताम, उमेश साहू, कैलाश राठौर, परस नेताम पुजारी समेत क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## माहेश्वरी समाज ने आयोजित किया हैप्पीनेस प्रोग्राम

- अंतिम दिन प्रतिभागियों ने शेयर किये अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





माहेश्वरी भवन में 10 से 15 सितम्बर तक हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें अनेक लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 8 बजे तक योग, ध्यान, प्राणायाम के साथ-साथ अद्भुत श्वास प्रश्वास की पद्धति सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया गया। साथ ही अस्तित्व के सात स्तर, ऊर्जा के स्रोत व जीवन जीने की चाबियों को प्ले वे पद्धति से सिखाया गया।

माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित हैप्पीनेस प्रोग्राम के टीचर लक्ष्मी साहू, तामेश्वर साहू ने बताया कि सुदर्शन क्रिया श्वास की लयबद्ध अद्भुत तकनीक है जिसके प्रयोग से शरीर, मन और भावनाओं को एक लय में लेकर आते हैं। यह तकनीक तनाव , थकान और नकारात्मक भाव जैसे क्रोध, डिप्रेशन , उदासीपन को दूर कर शरीर को स्वस्थ और मन को शांत करता है। यह एक आध्यात्मिक खोज है जो हमें अनंत की झलक देती है। यह दिमाग से दिल का सफर है जो स्वास्थ्य, प्रसन्नता, शांति और जीवन से परे ज्ञान को उजागर करता है। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।

सुशील केला ने बताया कि इस कार्यक्रम से आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। कोमल केला ने कहा कि बहुत अच्छा लगा। मन शांत हुआ। सेजल केला ने कहा कि ओव्हर थिंकिंग कम हुई। एकाग्रता बढ़ी। कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन भी किया जिसमे गवर्नमेंट प्रोग्राम के डायरेक्टर डॉ. शैलजा चन्द्राकर के साथ अमन बेलचंदन, ताम्रध्वज चन्द्राकर, हिरेन्द्र साहू, बसन्त बैस, गोविंद यादव, डाली यादव शामिल हुए। कार्यक्रम में विजय केला, हरीश केला, अजय केला, संजय टावारी, प्रतीक केला, आदित्य राठी, गीता केला, कोमल, मनीषा, हनी पूनम केला, अंजु केला, प्रीति केला, रमेश केला, विनोद केला, आशीष केला, कौशल, उज्ज्वल केला, मनोज केला, रोशनी केला, हेमा केला, रेखा चांडक, दीपाली, श्रुति केला, गोविंद यादव, डाली ने भाग लिया।

## केरेमुड़ा की कबड्डी स्पर्धा में चिंवरी अव्वल





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम केरेमुड़ा में रात्रिकालीन दो दिवसीय कबड्डी का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम चिंवरी सांकरा, द्वितीय महमल्ला, तृतीय दिनकरपुर, चतुर्थ घुटकेल विजयी रहे।

विजेता टीम को पुरस्कार का वितरण किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि फलेंद्र मंडावी, विशिष्ट अतिथि बिरझूराम मरकाम थे। इस आयोजन में समिति अध्यक्ष करणसिंह मंडावी, उपाध्यक्ष अनूपचंद मंडावी, युवा अध्यक्ष केशनाथ सोरी, रामभरोस मरकाम, कार्यक्रम संचालक संतोष मरकाम, मोहित मरकाम, मनोज मरकाम, संजय नेताम समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# हिंदी सभी भाषाओं को अपनी गोद में जगह दे देती है : जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी की साहित्यिक संस्था आओ कविता लिखें समूह के संस्थापक जितेंद्र सुकुमार साहिर के संयोजन में हिंदी दिवस मनाया गया। छात्र -छात्राओं ने गीत एवं भाषण की प्रस्तुति दी। बालकवि भावना साहू, कुमकुम, प्रीति साहू, साक्षी सेन, सरोज भारती, वर्षा सिंह, निशा पाल, खूशबू साहू, जीतेश्वरी सिन्हा ने स्वरचित कविताओं से हिंदी का गुणगान किया।

जितेंद्र सुकुमार ने बताया हिंदी मां की तरह उदार एवं सहनशील है जो बिना भेदभाव के सभी को प्यार करती है। अंग्रेजी, उर्दू ,पंजाबी, मराठी जैसी अनेक भाषाओं को अपनी गोद में जगह दे देती है। ये हिंदी भाषा का बड़प्पन है। इतना अदम्य साहस किसी और भाषा में नहीं है। हम सबको गर्व है कि हम हिंदी में लिखते हैं हिंदी में पढ़ते हैं।

**हिंदी केवल भाषा ही नहीं बल्कि पहचान भी है:-** प्राचार्य किशोर कुमार जांगड़े ने हिंदी भाषा की महिमा का बखान काव्य के माध्यम से किया। कामर्स के व्याख्याता बृजेश देवांगन ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है पर विडंबना यह है कि 99 प्रतिशत लोग अपना हस्ताक्षर अंग्रेजी में करते हैं। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई अंग्रेजी में होती है। इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई भी अंग्रेजी में होती है। स्कूलों में सभी को हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। हिंदी केवल हमारी भाषा ही नहीं बल्कि हमारी पहचान है, हमारी संस्कृति है। भाषा का सही ज्ञान होना जरूरी जीव विज्ञान के व्याख्याता मधु सिंह ने कहा कि हिंदी मातृभाषा और हृदय भाषा दोनों है इसलिए मुझे हिंदी में हस्ताक्षर करना पसंद है। किसी भी विषय को पढ़ने, लिखने या सीखने के लिए भी हमें भाषा की ही जरूरत पड़ती है इसलिए हमें भाषा का सही ज्ञान होना जरूरी है।अवध राम साहू ने गीत के माध्यम से हिंदी के महत्व को बताने की कोशिश की। अवधराम साहू ने हिंदी की शक्ति कविताओं के माध्यम से रखी। कार्यक्रम में यामिनी गायकवाड़, हर्षल चंद्राकर, भावना ठाकुर, गीतेश्वर सिंह साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## सत्संग भवन गोकुलपुर में हुई भटगांव की पंडवानी



**धमतरी**। सत्संग भवन गोकुलपुर में बालक क्रीड़ा परिषद के सहयोग से जय गंगाधर पंडवानी परिवार भटगांव का आयोजन हुआ। मुख्य स्वर पुनीतराम साहू ने दिया। हारमोनियम पर ओमप्रकाश कंवर, तबला पर प्रेमचंद देवदास, बैंजो पर हितेश्वर कुमार देवदास और झुमका मजीरा पर टिमन हेवार ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के संचालक श्रीराम यादव थे। मुख्य अतिथि भगवान सिंह यादव, रामेश्वर गंगवेर, विजय साहू, बलराम यादव, हंसु यादव रहे। कार्यक्रम में वार्डवासियों का सहयोग रहा।

## भैंसमुंडी में विश्वकर्मा जयंती आज

**मगरलोड**। नगर पंचायत भैंसमुंडी के बाजार चौक में राजमिस्त्री, कारपेंटर समिति के तत्वावधान में 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए प्रेम सरोवर ग्राम बादल नरहरपुर जिला कांकेर का कार्यक्रम होगा।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130







विनीतः जय विश्वकर्मा बाबा मजदूर संघ कुरुद

## खबर संक्षेप

### टैलेंट हंट परीक्षा में अनमोल प्रथम



**धमतरी।** नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अनमोल लाल ने टैलेंट हंट हिंदी मीडियम प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्या डॉ. श्रीमती अन्नपूर्णा सिन्हा, हरीश सिन्हा समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### मोदी के जन्मदिन पर आज भाजयुमो करेगी रक्तदान

**धमतरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे। भाजयुमो जिला अध्यक्ष कैलाश सोनकर ने बताया कि पार्टी नेतृत्व के आव्हान पर सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत यह कार्यक्रम मंगलवार को दोपहर 12 बजे जिला शासकीय अस्पताल में किया जाएगा।

### डॉ. चोवाराम को मिला हिंदी सेवा रत्न सम्मान



**जीजामगांव।** हिंदी भाषा के विकास में योगदान के लिए 14 सितम्बर को संगम अकादमी द्वारा डॉ. चोवाराम यदु को हिंदी सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। वर्तमान में डॉ. चोवाराम यदु दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में प्राचार्य (हिन्दी) के पद पर कार्यरत हैं। वे अध्यापन के साथ हिंदी भाषा के विकास के लिए हिंदी में लेखन का कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने विविध विषयों में लेखनी चलाई है। उनके सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, पौराणिक, नैतिक मूल्यों पर आधारित अनेक संग्रह राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हो चुके हैं।

### मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में प्रारंभ करने की घोषणा से हर्ष



**धमतरी।** हिंदी दिवस पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में एक नई शुरुआत की है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ठाकुर शशि पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई हिंदी माध्यम से शुरू करने की घोषणा की है जो स्वागत योग्य कदम है। छत्तीसगढ़ मूलतः हिंदी भाषी प्रदेश है और यहां अनेक ऐसी प्रतिभाएं हैं जो अंग्रेजी में कमजोर होने के कारण अपने अकादमिक लक्ष्य को प्राप्त नही कर पाते हैं। सरकार द्वारा मेडिकल, इंजीनियरिंग जैसी तकनीकी शिक्षा यदि हिंदी माध्यम में प्रदान की जाती है तो इसका स्थानीय लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने इसे विद्यार्थियों के लिए अनूठी सौगात बताया। श्री जैन ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से चिकित्सा के क्षेत्र में स्थानीय विद्यार्थियों के लिए नए अवसर खुलेंगे। छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी एवं पिछड़ा बहुल राज्य में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम हिंदी माध्यम में संचालित होने से लोगों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और उनका मनोबल बढ़ेगा। हिंदी माध्यम से उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को बेहतर सेवा दे सकेंगे और उनका भावनात्मक जुड़ाव भी अधिक होगा।

### चंदनबिरही में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**धमतरी।** विश्वकर्मा जयंती पर ग्राम चंदनबिरही में राजमिस्त्री संघ एवं ग्रामवासियों द्वारा 17 सितंबर की रात्रि डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। डांस प्रतियोगिता की तैयारी में तालसिंग निर्मलकर, हिरामन साहू, चंद्रकांत साहू जुटे हैं।

आज भगवान विश्वकर्मा की होगी पूजा

# ग्यारह दिनी गणेश उत्सव के बाद पंडालों एवं घरों में हुआ हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गणेश पंडालों एवं घरों में विराजित विघ्नहर्ता की विदाई की बेला में हवन-पूजन व महाआरती का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। सोमवार को कुछ स्थानों पर हवन पूजन का कार्यक्रम हो गया। मंगलवार को भी हवन का शुभ मुहूर्त है। इसके बाद प्रतिमाओं को विसर्जन करने का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि 11 दिनी गणेश उत्सव के बाद दशमी और 11वें दिन हवन करने का शुभ मुहूर्त होता है। इसके बाद पितृ पक्ष आरंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि देव पंचांग के अनुसार इस वर्ष 17 सितम्बर को अनंत चतुदर्शी और गणेश विजर्सन है। 18 दिसम्बर को पूर्णिमा एवं प्रतिपदा श्राद्धा पितृ पक्ष प्रारंभ होगा।

विदित हो कि अंचल में गणेशोसव की धूम रही। लोगों ने बप्पा को उत्साह के साथ विराजित किया। 11 दिनों तक सुबह-शाम पूजा पाठ का दौर जारी रहा। पंडालों में स्थापित भगवान लंबोदर के दर्शन पूजन करने भक्त बड़ी संख्या में शामिल रहे। सोमवार को अनंत चतुर्दशी का हवन-पूजन प्रारंभ हो गया। आज भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करेंगे। कलकारखाने, उद्योग, फैक्ट्रियों में भगवान विश्वकर्मा की विशेष पूजा होगी। पेटी ठेकेदार राजमिस्त्री संघ का शहर के घड़ी चौक में मुख्य कार्यक्रम होगा। यहां पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा विराजित कर सामूहिक रूप से पूजा करेंगे। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन 18 सितम्बर को प्रतिमा विसर्जित होगी। इसी तरह गैरेज लाइन में मिस्त्री संघ द्वारा सामूहिक रूप से भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। शाम को महाआरती के बाद वृहद भंडारा का आयोजन होगा।

गणेश विसर्जन के बाद 18 सितम्बर से पितृ पक्ष प्रारंभ हो जाएगा। इससे पूर्व सभी गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल बोर्ड के निर्देश का पालन करते हुए प्रशासन ने इस वर्ष विसर्जन के लिए आमातालाब, शीतला तालाब, बनिया तालाब को छोटी मूर्तियों के लिए आरक्षित किया है। बड़ी मूर्तियां रूद्री बरॉज में बनाए गए कुंड में विसर्जित होगी। इन जगहों पर निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुई है। रूद्री बरॉज में हवन सामग्री विसर्जित करने अलग कुंड बनाया गया है। निरागनी के लिए सीसीटीवी कैमरा, लाइटिंग, बैरिकेड्स, लाउड स्पीकर, तैराक की व्यवस्था रहेगी।

## सामुदायिक भवन एवं स्कूल के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण



- सामुदायिक भवन से लोगों को मिलेगी सुविधा : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विंध्यवासिनी वार्ड में गढ़कलेवा के पास सामुदायिक भवन एवं नवीन प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण मुख्य अतिथि विजय देवांगन ने किया। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना ने की। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य कमलेश सोनकर, राजेश ठाकुर, पार्षद ज्योति बाल्मीकि, दीपक सोनकर, सोमेश मेश्राम, सविता कंवर, नारायण यादव सहित वार्डवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से वार्डवासियों तथा आसपास के लोगों को विभिन्न कार्यक्रम के लिए सुविधा होगी। सार्वजनिक भवन से गरीब मध्यम वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी। उन्हें अतिरिक्त रूपये खर्च करने नहीं पड़ेंगे।

इस मौके पर प्राचार्य उमा शर्मा, शिक्षक रोशनी नाग, हेमा ध्रुव, भुनेश्वरी ध्रुव, ईश्वरी साहू, घनश्याम साहू, गोविंद प्रजापति, संतोष सोनकर, संतोष कुंभकार, नारायण सोनकर, कश्यप पटेल, रमन देवांन, चित्रसेन ध्रुव, भुनेश प्रजापति, नरोत्तम प्रजापति, शिवनारायण, हेमलाल, ठाकुर, रामभावेश, कुंजबिहारी, बसंत, पवन, संतराम सोनकर, विजय सोनकर, विजय यादव, भुवन, संजय यादव, शिव नेताम, रमेश कुमार, विनोद ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, भान बाई, शकुन बाई, करण, वेदनारायण, गौतम कान्हा, संजू मौजूद थे।

## प्रभु राम की आराधना से मानव के सभी कष्ट दूर होते हैं : कविता

- श्यामतराई में आयोजित रामधुनी प्रतियोगिता के समापन पर शामिल हुईं जिपं सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम श्यामतराई में सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर जिला पंचायत वन समिति सभापति श्रीमती कविता बाबर शामिल हुईं और भगवान गणेश व मां दुर्गा की आरती की। अपने उद्बोधन में श्रीमती बाबर ने कहा कि प्रभु रामचंद्र का जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने जीवन में सभी जीवों के प्रति सेवा एवं दया का भाव प्रदर्शित किया। मर्यादापूर्वक जीवन जीते हुए मानव समाज को शांति एवं सद्भाव का संदेश दिया। हमें सदा परमार्थ एवं सेवा के रास्ते पर चलते हुए सभी जीवों के लिए कल्याण का कार्य करना चाहिए। अच्छाई को धारण करके बुराई को जड़ से नष्ट करना ही मनुष्य जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। कार्यक्रम को भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने भी संबोधित किया। मौके पर आयोजन समिति के सदस्य, सरपंच अस्तला मरकाम, धनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य शोभित मरकाम, रोशन साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कृदत्त कॉलोनी के गणेश पंडाल में हुआ यज्ञ हवन







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गोकुलपुर वार्ड की कृदत्त कॉलोनी में विराजित लंबोदर महाराज के पंडाल में 16 सितंबर की शाम 5 बजे यज्ञ हवन हुआ। पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। कृदत्त कॉलोनी के आराध्य देव नीलेश्वर महादेव के सानिध्य में गौरीशंकर गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश पक्ष पर भगवान गणपति की स्थापना की गई है। अनंत चतुर्दशी पर यज्ञ हवन, पूजा का आयोजन किया गया। पूर्णाहुति पश्चात भगवान गणेश और भोलेनाथ की आरती की गई। प्रसाद वितरण पश्चात 8.30 बजे मंदिर परिसर में डा. विकास साहू के सौजन्य से भंडारे का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर राजकुमार साहू, गणेशूराम साहू, जेआर साहू, आरके साहू, सियाराम सोनकर, गोपालराव रणसिंह, एनडी सोनी, अशोक भोसले, डा.नरेंद्र श्रीवास्तव, मोनेश्वर सावरकर, प्रवीण यादव, प्रदीप यादव, देवेंद्र डड़सेना, प्रवीण साहू, हेमंत डेकाटे, डा.भूपेंद्र साहू, उमेशसिंह बशिष्ट, विजयलक्ष्मी साहू, राधिका देवी बशिष्ट, डा.विजयलक्ष्मी बशिष्ट, भुनेश्वरी साहू, यशोदा साहू, गायत्री भोसले, अंजु चंद्राकर, दीपमाला चंद्राकर, कविता साहू, ज्योति सिंह, दीक्षा साहू, एकता सिंह, करूणा सोनी, कंचन साहू, नीतू डेकाटे, गौरव चंद्राकर, श्रेयांश चंद्राकर, सुमित भोसले, अयांश सिंह, गेविश साहू, हेरथ डड़सेना शामिल हुए।

## जामा मस्जिद से निकला जुलूस ए मोहम्मदी





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

**जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज में रहा उत्साह का माहौल**

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में हजारों लोग शामिल हुए। इसमें खास बात रही कि न ढोल बाजा बजाया गया, न डीजे की गूंज सुनाई दी, बल्कि इस्लामी लिबाज में सज धजकर लोग सादगी के साथ निकले।

हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बनाए जाने वाले पर्व जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर मुस्लिम समाज में उत्साह का माहौल रहा। अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा 10 दिन तक तकरीर का आयोजन किया गया। सोमवार को सुबह फजर की नमाज में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मस्जिदों में हुए मुबारक की जियारत कर दुआ की गई। सुबह 11 बजे जमा मस्जिद से जुलूस ए मोहम्मदी निकला जो मकई चौक, रत्नाबांधा चौक, म्युनिसिपल स्कूल चौक, शिव चौक होते हुए वापस जामा मस्जिद परिसर पहुंचा। जहां परचम कुशाई की रस्म अदा कर बारगाहे रिसालत में सलातो सलाम का नजराना पेश किया गया। लंगर कमेटी द्वारा जैनब पैलेस व यतीम खाना में लंगर का इंतजाम किया गया। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर हाजी तसनीम खान, हाजी हारून उस्मान, हाजी नसीम अहमद, सैयद अशफाक अली हाशमी, हाजी शरीफ रोकडिया, हाजी अयूब निर्बाण, सैयद इनायत अली, हाजी मोइनुद्दीन रिजवी, हाजी जमील अहमद, अब्दुल रज्जाक रिजवी, हाजी दिलावर रोकडिया, हाजी सलीम रोकड़िया, आजम निर्बाण, मोहम्मद यूसुफ, सैयद अफजल अली, हाजी इकबाल रोकड़िया, तनवीर कुरैशी, असलम रोकडिया, अवैश हाशमी, वसीम कुरैशी, एमए फहीम, हाजी अमीन, शोएब रोकड़िया, हाजी अहमद निर्बाण, अशरफ खिलची, गोलू रोकडिया, रेहान विरानी, इरफान मेमन समेत अनेक समाजजन उपस्थित थे।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के एक दिन पहले जामा मस्जिद परिसर में अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा दस्तारबंदी का कार्यक्रम रखा गया जिसमें यतीमखाना उस्मानिया मदरसे में पढ़ने वाले दो बच्चे मोहम्मद तौफिक रायपुर तथा मोहम्मद दाऊद सोनारदेवरी बालौदाबाजार की दस्तारबंदी हुई। अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा एक खास घोषणा की गई कि जुलूस में युवाओं का जो भी ग्रुप सादगी के साथ चलेगा, उसे पुरस्कार से नवाजा जाएगा। युवाओं ने जुलूस में इस्लामी लिबाज में सज-धजकर बगैर ढोल व डीजे के चलते हुए एक मिसाल पेश की। विभिन्न कमेटियों के द्वारा जगह-जगह शरबत, बिस्किट, केक, मिठाई, पानी बोतल बांटा गया। नवागांव वार्ड के मुस्लिम युवाओं की कमेटी द्वारा जिला अस्पताल में फल तथा वृद्धाश्रम और एग्जेक्ट फाउंडेशन रूद्री में बर्तन व कंबल का वितरण किया गया।

## अभियंताओं ने खिरकीटोला स्कूल के बच्चों को दिया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



फोरम आफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स छग ने सोमवार को अभियंता दिवस मनाया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला खिरकीटोला में संघ ने न्योता भोज का आयोजन किया। संघ के अध्यक्ष राकेश जाधव ने बताया कि मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती धानबाई कुर्रे, इंजीनियर डीसी सोनी, इंजी. एमके वर्मा ने मोक्षमुण्डम विश्वेश्वरैया एवं सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने खेलकूद में अपनी प्रतिभा दिखाई।

न्योता भोज के बाद सेवानिवृत्त अभियंताओं ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में इंजी. वायआर पदमवार, एसके नाग चौधरी, सीके वाही, दीपक पाठक, एसके भट्टाचार्य, एलएस देवांगन, केएल डहरिया, अशोक वर्मा, ईश्वर साहू, एलआर दीवान, एनडी सोनी, ओपी सिंह, पीके लाल, डीसी साहू सहित शिक्षकगण एवं ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर राजेश जाधव ने किया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)




डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## संध्याकालीन महाआरती में शामिल हुए महापौर

- भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर शहरवासियों की खुशहाली की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आकाशगंगा कालोनी में गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित की गई है। संध्याकालीन महाआरती में महापौर विजय देवांगन के साथ लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पं. राजेश शर्मा शामिल हुए। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर शहरवासियों की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर महापौर श्री देवांगन ने कहा कि भगवान गणेश की पूजा करने से किसी भी कार्य में विपदा नहीं आती। शिवजी के वरदान से समस्त जगत के लिए श्री गणेश विघ्नहर्ता बन गए। कार्यक्रम स्थल में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त डॉ. आशीष नायक का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया। रंगोली प्रतियोगिता, थाली सजाओ, फैंसी ड्रेस, बच्चों का डांस, भजन, कुर्सी दौड़ के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मौके पर प्रकाश पाण्डेय, गजेंद्र अग्रवाल, डॉ मयंक पटेल, विजय पदमवार, वेदप्रकाश भेसले, नोकूराम सिन्हा, जीडी सिन्हा, देव यादव, आईके साहू, मनोज साहू, दुर्गा मिश्रा, पूजा नायक, अभिलाषा पांडेय, स्वप्ना पदमवार, नीति पटेल, कविता कुर्रे, प्रेमलता पटेल, उज्जवला साहू, प्रमिला साहू सहित अनेक कॉलोनीवासी उपस्थित थे।




रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
13 अक्टूबर 2024
21 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411